CAMBRIDGE
International Education

# Cambridge O Level

| | |
|---|---|
| CANDIDATE NAME | |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| CENTRE NUMBER | | | | | | CANDIDATE NUMBER | | | | | |

*0123456789*

**HINDI** **3201/02**

Paper 2 Reading and Translation **For examination from 2028**

SPECIMEN PAPER **1 hour 45 minutes**

You must answer on the question paper.

No additional materials are needed.

**INSTRUCTIONS**

- Answer **all** questions.
- Use a black or dark blue pen.
- Write your name, centre number and candidate number in the boxes at the top of the page.
- Write your answer to each question in the space provided.
- Do **not** use an erasable pen. Do **not** use correction fluid or tape.
- Do **not** write on any bar codes.

**INFORMATION**

- The total mark for this paper is 50.
- The number of marks for each question or part question is shown in brackets [ ].

This document has **12** pages. Any blank pages are indicated.

© Cambridge University Press & Assessment 2028

**1** Read the text. For each question, tick (✓) the box to show the correct answer.

मुझे एक खबर बतानी है: हमने एक नया घर खरीदने का निर्णय किया है! आजकल अपने माता-पिता के साथ केवल मैं ही रहती हूँ, क्योंकि मेरा भाई हमारे घर से पचास किलोमीटर दूर राजधानी में काम करने चला गया है। शहर के केंद्र में स्थित हमारे फ्लैट में इतने कमरे हैं जिनकी हमें अब ज़रूरत नहीं है, और हम शहर के बाहर एक छोटा घर ढूँढ रहे हैं। माँ कहती हैं कि नए घर में एक गैरेज और एक छोटा बगीचा ज़रूर होना चाहिए। हम बाहर घास पर बैठने के लिए एक जगह चाहते हैं। और सबसे बड़ी बात यह है कि आखिरकार मैं एक बिल्ली पाल सकूँगी, जो सिर्फ़ बालकनी वाले फ्लैट में रखनी मुश्किल है। मेरे माता-पिता मेरी नानी के करीब रहना चाहते हैं, जिन्हें कभी-कभी सहायता की ज़रूरत होती है - वे अस्सी से अधिक उम्र की हैं! कल मैं माँ के साथ एक मकान देखने गई थी जो उन्होंने अख़बार में ढूँढा था। मुझे वह वाकई बहुत अच्छा लगा, यद्यपि उन्हें नया बना हुआ बाथरूम बहुत पसंद आया, लेकिन माँ ने कहा कि सड़क बहुत व्यस्त है।

लूसिआ

**(a)** लूसिआ का भाई ... रहता है।

**A** अपने माता-पिता के घर में ☐

**B** एक अलग शहर में ☐

**C** विदेश में ☐

[1]

**(b)** लूसिआ जिस फ्लैट में अभी रहती है...

**A** वह परिवार के लिए बहुत बड़ा है। ☐

**B** वहाँ कभी-कभी बहुत शोर होता है। ☐

**C** वह शहर के केंद्र से बहुत दूर है। ☐

[1]

**(c)** लूसिआ की माँ ऐसा घर चाहती है जहाँ...

**A** वह घर से अपना काम कर सके। ☐

**B** वह गाड़ी खड़ी कर सके। ☐

**C** वह बगीचे में सब्जियाँ उगा सके। ☐

[1]

**(d)** लूसिआ के लिए ... संभव होगा।

**A** बगीचे की घास काटना ☐

**B** बाहर बगीचे में आराम करना ☐

**C** बगीचे में खेल खेलना ☐

[1]

**(e)** लूसिआ को उम्मीद है कि नये घर में...

**A** वह एक बिल्ली रख सकेगी। ☐

**B** एक बालकनी होगी। ☐

**C** एक अध्ययन कक्ष होगा। ☐

[1]

**(f)** लूसिआ की नानी...

**A** उसके माता-पिता की मदद करती हैं। ☐

**B** बागवानी पसंद करती हैं। ☐

**C** काफी वृद्ध हैं। ☐

[1]

**(g)** कल जो घर देखा, उसे किसने खोजा था?

**A** लूसिआ की नानी ने ☐

**B** लूसिआ की माता ने ☐

**C** लूसिआ के पिता ने ☐

[1]

**(h)** लूसिआ की माँ के अनुसार, उन्होंने जो घर देखा वह...

**A** बहुत शोरगुल वाला था। ☐

**B** मरम्मत माँगता था। ☐

**C** बहुत महँगा था। ☐

[1]

[कुल: 8]

© Cambridge University Press & Assessment 2025

Turn over

**2** Read the text. Answer the following questions in **Hindi**.

क्या आप पेशेवर खेल-फ़ोटोग्राफ़र बनना चाहेंगे? यह एक आदर्श काम लगता है, लेकिन इसे करने वाले लोग कहते हैं कि यह वास्तव में कठिन है। बेशक, यह काम आपको दुनिया भर में यात्रा करने और बड़े खेल आयोजनों में जाने का मौका देता है। लेकिन लगातार यात्रा करने के कारण यह काम थकाने वाला भी होता है। इसके अलावा, जो कंपनियाँ आपकी तस्वीरें ख़रीदती हैं, वे हर बार एक उत्तम गतिपूर्ण फ़ोटो चाहती हैं।

किसी महत्वपूर्ण मैच में खेल-फ़ोटोग्राफ़र के बीच प्रतिस्पर्धा बहुत ज़ोरदार होती है। हालाँकि, स्टेडियम से बाहर निकलने के बाद, वे सभी एक-दूसरे के साथ मित्रतापूर्ण व्यवहार करते हैं और एक-दूसरे का समर्थन करते हैं। खेल-फ़ोटोग्राफी में प्रवेश करना कठिन हो सकता है। अधिकांश बड़े खेल आयोजनों में, केवल जाने-माने फ़ोटोग्राफ़रों को ही आयोजकों द्वारा प्रवेश टिकट देकर आमंत्रित किया जाता है। इसका मतलब यह नहीं है कि नये लोगों के लिए कोई अवसर नहीं है, उन्हें बस डटे रहने और भाग्यशाली होने की ज़रूरत है!

शुरुआत में, एक-खेल फ़ोटोग्राफ़र बहुत कम कमाता है, जब तक कि उसे एक बड़ा अवसर न मिल जाए। एक दिन आप एक फ़ोटो लेने के लिए सही समय पर सही जगह पर होंगे जो सालों तक बिकती रहेगी। इससे एक फ़ोटोग्राफ़र के रूप में आपकी प्रतिष्ठा बनेगी।

**(a)** पेशेवर खेल-फ़ोटोग्राफ़र अपने काम के बारे में क्या सोचते हैं?

........................................................................................................................................ [1]

**(b)** लेखक ने खेल-फ़ोटोग्राफर की भूमिका की अच्छाई के बारे में कौन सी बातें बताई हैं? **दो** विवरण दें।

1 ........................................................................................................................................

2 ........................................................................................................................................

[2]

**(c)** लेखक ने यात्रा का कौन सा नकारात्मक पहलू बताया है?

........................................................................................................................................ [1]

**(d)** एजेंसियाँ फ़ोटोग्राफ़रों से क्या चाहती हैं?

........................................................................................................................................ [1]

**(e)** खेल-फ़ोटोग्राफ़र एक दूसरे के प्रति कैसा व्यवहार करते हैं?

**(i)** किसी महत्वपूर्ण मैच के दौरान?

........................................................................................................................................ [1]

**(ii)** किसी महत्वपूर्ण मैच के बाद?

........................................................................................................................................ [1]

**(f)** बड़े खेल आयोजनों में जाने-माने फ़ोटोग्राफ़रों को क्या लाभ होता है?

............................................................................................................................................ [1]

**(g)** नये फ़ोटोग्राफ़रों को सफल होने के लिए क्या करना चाहिए?

............................................................................................................................................ [1]

**(h)** एक खेल-फ़ोटोग्राफ़र शुरुआत में कितनी कमाई की उम्मीद कर सकता है?

............................................................................................................................................ [1]

**(i)** एक बेहतरीन फ़ोटो लेने के **दो** लाभ बताएँ।

1 ............................................................................................................................................

2 ............................................................................................................................................

[2]

[कुल:12]

© Cambridge University Press & Assessment 2025

Read the following text and then answer **Question 3** and **Question 4** in **Hindi**.

**पुरस्कार वितरण समारोह**

मैंने अभी तक स्कूल में नौकरी के प्रस्ताव को स्वीकार करने का फैसला नहीं किया था। लेकिन प्रधान अध्यापक ने मुझे व्यक्तिगत रूप से पुरस्कार वितरण समारोह में आमंत्रित करने के लिए होटल में फोन किया। उसके बाद, मैं मना कैसे कर सकता था? जब मैं वहाँ पहुँचा तो छात्र पहले से ही मौजूद थे। वे इस महत्वपूर्ण अवसर पर अपने सबसे अच्छे कपड़े पहने हुए स्कूल हॉल के बाहर शांत और विनम्र तरीके से इंतज़ार कर रहे थे। उनके माता-पिता उन्हें गर्व से देख रहे थे।

पुरस्कार वितरण समारोह की शुरुआत स्कूल के गाने से हुई, जिसे एक लंबी और प्रसन्नचित्त संगीत शिक्षिका ने पियानो पर बजाया। यह एक सुंदर गाना था और बच्चों ने इसे खुशी से गाया। इसके बाद राष्ट्रगान हुआ और बच्चे झंडे की ओर देखते हुए सीधे खड़े हो गए। वे सभी उत्साह के साथ गा रहे थे यहाँ तक उनके हाथ उनके हृदय पर थे और उनकी आँखों में आँसू थे, जो प्रभावशाली था। हालाँकि, संगीत शिक्षिका ने पियानो बहुत ज़ोर से बजाया और बच्चों का गाना ठीक से सुनाई नहीं दे रहा था, फिर भी, कमरे में गरिमा और गर्व के भाव इतने स्पष्ट थे कि मेरा सिर गर्व से ऊँचा हो गया।

जब संगीत समाप्त हुआ, तो बड़े बच्चों ने पूरे वर्ष के दौरान की गई विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया। इनमें पर्यावरण दिवस समारोह, फुटबॉल टूर्नामेंट, संगीत समारोह, कला क्लब, तैराकी प्रतियोगिताएँ और शैक्षिक दौरे शामिल थे। मैं शिक्षकों की मेहनत देखकर आश्चर्यचकित था। उन्होंने अपने छात्रों के लिए ये सभी गतिविधियाँ आयोजित की थीं।

इसके बाद, पुरस्कार वितरण: प्रत्येक कक्षा के सर्वश्रेष्ठ छात्र खड़े हुए और उन्हें एक छोटी सी पुस्तक मिली। अंत में, प्रधान अध्यापक ने सभी को छुट्टियों के लिए शुभकामनाएँ दीं।

'अरे, बस एक और ख़ास बात! मैं श्री बिहारी जी का परिचय करा दूँ। वे हमारे साथ रहने के लिए सुदूर फ्रांस से आए हैं। हमें वास्तव में उम्मीद है कि वे अगले सत्र में हमारे साथ जुड़ेंगे।' सभी की नज़रें मेरी ओर मुड़ गईं। 'क्या यह अच्छा नहीं होगा, बच्चों, अगर श्री बिहारी जी अगले सत्र में हमारे स्कूल में शामिल होकर हमारी मदद कर सकें?' तुरंत, सभी बच्चे और उनके माता-पिता ज़ोर से ताली बजाने लगे। अपना पियानो बंद करते हुए, संगीत शिक्षिका मुड़ीं और मुझे गले लगा लिया। मुझे लगने लगा कि मुझे यह नौकरी स्वीकार करनी ही होगी।

**3** Answer the following questions in **Hindi**, using your own words as far as possible.

**(a)** वक्ता ने स्कूल के कार्यक्रम में जाने का निर्णय किस कारण से किया? (पैराग्राफ 1)

........................................................................................................................ [1]

**(b)** बच्चे हॉल के बाहर प्रतीक्षा करते समय इतनी अच्छी तरह से व्यवहार क्यों कर रहे थे? **दो** विवरण दीजिए। (पैराग्राफ 1)

1 ........................................................................................................................

2 ........................................................................................................................

[2]

**(c)** किस बात से लगा कि माता-पिता इस अवसर को गंभीरता से ले रहे थे? (पैराग्राफ 1)

........................................................................................................................ [1]

**(d)** स्कूल का गाना गाते हुए बच्चे कैसा अनुभव कर रहे थे। (पैराग्राफ 2)

............................................................................................................................................ [1]

**(e)** किस बात से लगा कि बच्चों को राष्ट्रगान गाते हुए गर्व महसूस हो रहा था? **तीन** विवरण दीजिए (पैराग्राफ 2)

1 ..............................................................................................................................................

2 ..............................................................................................................................................

3 ..............................................................................................................................................
[3]

**(f)** संगीत शिक्षिका ने राष्ट्रगान के दौरान लगभग समस्या कैसे पैदा कर दी? (पैराग्राफ 2)

............................................................................................................................................ [1]

**(g)** सभा के दौरान कौन सी **दो** खेल गतिविधियों का उल्लेख किया गया है? (पैराग्राफ 3)

1 ..............................................................................................................................................

2 ..............................................................................................................................................
[2]

**(h)** श्री बिहारी जी ने स्कूल के शिक्षकों के बारे में क्या सोचा? (पैराग्राफ 3)

............................................................................................................................................ [1]

**(i)** प्रधान अध्यापक ने बच्चों को क्या दिया और क्यों? **दो** विवरण दें। (पैराग्राफ 4)

1 ..............................................................................................................................................

2 ..............................................................................................................................................
[2]

**(j)** सभा में उपस्थित लोगों ने कैसे दिखाया कि वे चाहते थे कि श्री बिहारी जी इस स्कूल में आएँ और काम करें? (पैराग्राफ 5)

............................................................................................................................................ [1]

**(k)** संगीत शिक्षिका ने कैसे दिखाया कि श्री बिहारी जी उन्हें पसंद हैं? (पैराग्राफ 5)

............................................................................................................................................ [1]

[कुल: 16]

**4** Look at the text for Question 3. Identify the word or phrase in the text which means the same as the underlined words:

**(a)** जब मैं वहाँ आया (पैराग्राफ 1).

............................................................................................................................ [1]

**(b)** संगीत का एक अच्छा टुकड़ा (पैराग्राफ 2).

............................................................................................................................ [1]

**(c)** मैं बहुत हैरान था (पैराग्राफ 3).

............................................................................................................................ [1]

**(d)** सबने मेरी तरफ़ देखा (पैराग्राफ 5).

............................................................................................................................ [1]

[कुल: 4]

**5** Translate the following passage into **English**.

मैं आपको एक लेखन प्रतियोगिता के बारे में बताना चाहूँगा जिसमें आप भाग ले सकते हैं। आपको अपनी पसंद के विषय पर सिर्फ़ पाँच सौ शब्दों या उससे कम में एक छोटी कहानी लिखनी है। प्रसिद्ध अभिनेता टेलीविज़न पर सर्वश्रेष्ठ कहानियाँ पढ़ेंगे।
इस प्रतियोगिता के लिए आप किस तरह की कहानी लिख सकते हैं, इसके बारे में कोई नियम नहीं हैं - यह एक जासूसी कहानी, डरावनी कहानी, हास्य कहानी या जो भी आपको पसंद हो, हो सकती है। मैं आपको केवल एक बात की सलाह दूँगा: बहुत सारे अलग-अलग पात्र न रखना बेहतर है क्योंकि लोगों के लिए कहानी को समझना मुश्किल हो सकता है।
यदि आप भाग लेना चाहते हैं, तो कृपया शुक्रवार तक अपनी कहानियाँ मुझे दे दें।

Up to 5 marks are available for the content of your answer and up to 5 marks for language.

..................................................................................................................................... [10]

© Cambridge University Press & Assessment 2025 

BLANK PAGE

Permission to reproduce items where third-party owned material protected by copyright is included has been sought and cleared where possible. Every reasonable effort has been made by the publisher (Cambridge University Press & Assessment) to trace copyright holders, but if any items requiring clearance have unwittingly been included, the publisher will be pleased to make amends at the earliest possible opportunity.

Cambridge International Education is the name of our awarding body and a part of Cambridge University Press & Assessment, which is a department of the University of Cambridge.

© Cambridge University Press & Assessment 2025 